कछु ऊपर ते कूदि परे। हैं रह्यौ जाल में अर्गटौ; देख
देख राँझे कौ सीनामा जावे फाटौ दे रहे देव बुहारी
है। करि कें बहाँ छिडकाव दिए फिर आसन डारी है।
कि कुरसी मूढ़ा रखि दीए। इत्र गुलाब केंवड़े के छिड़-
काव बहुत कोए देवता बैठे आसन पैं। रम्भा सबसे
ऊँचे आ बैठी सिंहासन पैं। शुरू जब नाँच वहाँ कीना।
तबला और मृदङ्ग बजाय रहे नारद जी बीना। अपस-
रा नाँचत दें ताली। सब बाजे बजि रहे बांसुरी पड़ी
एक खाली। देखकर राँझो बलदाई। देवन की मह-
फिल में गयौ है तुरत वीर आई। ये हू ओ देवन कौ
अन्शी। करिकें सन्मौ हाथ उठाय लई राँझें ने बन्शी
करी जाने बहुत सफाई है। रही अपसरा नाच कि बन्शी
अधर बजाई है। मिलाय दई बन्शी गाने में बैठि गयौ
घुट्टिनाय अखाड़े देव जनाने में अपसरा लें फिरकैया
है। वडी बन्शी की धुनि प्यारी। रम्भा रही निहारि

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

जा इन्दुर कें घरवारी। देरि रही सूरत राँझे की।
पयारी धुनि अवि लगी कि जाय बन्शो कें बाजे की।
एकदम नांच बन्द कीयौ। बन्शी बारौ जावे अपने पास
बुलाय लियौ। कौन तू बन्शी बारौ है। छिप कें वैंठो।
आई देखि रहौ नांच हमारौ है। बताय दें सही सही
मोकूं। जो बोलेगौ झूठ आज मैं मरवाय दऊं तोकू॥
रागिनी-जो तुम पूछौ हाल जिगर काकहूं नहीं मैं झूठी।
लिखा भाग्य कौ होइ नहीं जग में टूटी को बूटी।
कली—मैं हूं बालक सिर्फ अकेला राह भूल कर आया।
रम्भा—कहा नाम कहाँ गाँव तेरा औ किसने तुझे पठाया
राम नाम के कारण मेरा यह तन मात बनाया।
मेरी महफिल में ए बच्चे किसनै तोइ पहुँचाया।
तोड—आकर बैठि गया महफिज में शर्म हमारी लूटी।
कली—तुझें बताऊँ हाल गाँव है मेरा तख्त हजारा।
अमीचन्द को सब जग जाने वो है पिता हमारा।
नाम अपनो तोइ बताऊ मैं रा बालक बारा।
राँझा सब मुझ से कहते हैं छोडो चाहे मारौ।
तोड—भटकत डोलूं मैं बन २ में किस्मत मेरी फूटी।
कली—मात पिता ने महल से दें दये देंश निकारे।
कोई न धीर दया बैया डोलत मारे मारे।
खान पान सब मैंने त्यागे कष्ट सहे अति भारे।
करदे मांफ कसूर हमारी पकडूं चरण तिहारे।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

तोड़–करौ महर की नजर मात अब ज उ न मौसे छूटी।

रङ्गत–इतनी सुनि कें रम्भा कहि रही सुनि लाला २ मेरी, अरज करूं तो रे सुने कि नाही।

बिकट वनों में इकलौ क्यों फिरे सुनि लाला २ मेरी शेर जानवर रे तोय ले खाई।

सूरत सपनों तेरा है जायगी रे सुनि लाला २ मेरी रोय रोय तेरी रे मरेगी माई।

किस कारण से घर तजि दयौ रे सुनि लाला २ मेरी कहा मुसीबत रे तो पर आई।

इतनी सुन कर रौंझो कहि रह्यौ रे सुनि माता २ मेरी हाल जिगर कौ रह्यौ सुनाई।

रोज पढ़ौ हो मैं चटसार में रे सुनि मइया २ मेरी पर विद्या तो रे जरा न आई।

तज कर आयौ मैं चटसार को री सुनि मइया २ मेरी आखिर दीनी रे छोड़ पढ़ाई।

राम नाम की आशा लो लग रही री सुनि मइया २ मेरी उनके नाम पे रे लियौ मूढ़ मुड़ाई।

मैं मति मूढ़ गमार हूं री सुनि मइया २ मेरी तेरे दरशन तेरे मिले भलाई।

दीन जानकर मोपै महर करो सुनि मइया २ मेरी मोकू सेवक मे लेउ बनाई।

शरण लई है तेरा आयकर री सुन मइया २ मेरी

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

बेशक मौकूं री तू ने ठुकराई।
इतनी सुनकर कहि रही अपसरा रे सुन राँझे २ मेंरी सूरत तेरी तौ रे जिगर समाई।
जो चाहे सो मैं तोकूं दऊं रे सुनि राँझै २ मेंरी मुख अपने से तो रे दे सुनाई।
उजर न तुझै से मैं कछू २ सुन राँझै लाला सत्य वचन तौ रे मैं रहो बताई।
इतनी सुनकर राँझो कहि रहौ री सुनि मइया मेंरी जो मांगू रे सो वो मिल जाई।
तीन बार अपने मुख से कहौ री सुनि मईया २ मेंरी गंगा धरम तो रे तू लेरी उठाई।
ईतनी सुनकर बोली अपसरा रे सन लाला २ मेंरी गंगा धरम तो रे मैं रहीं उठाई।
खुश है गयौ राँझौ दिल भारी जा वंशी हैं दे देमहतारी मैं समझाऊँ तोय, जिय वंशी मेरे मनवसी जाको प्रेम से गहायदे मइया मोय। तीनों वचन राँझे के सुनि लिये फेर ज्वाब रम्भा ने दीयौ। लाला करी ठानी ठान। मेरी वन्शी जो तै ने माँगी मेरे वामें में बसत प्रान कुमर वचन तैने ले लीयौ ऐसे। मुख से कहि अब नाट कैसे गंगा धरम लीयौ उठाय जा मुख से नाहीं करूँ रे मेरो अङ्ग नरग में जाय। मेरी मानों कुमर कही। है गई कुमर दयाल के वन्शी मैंने तोय दई॥

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

जा वन्शी के गुण तोय बतलाऊँ।
सही २ लाला समझाऊ, जाकूं रखिये अपनो पास वन्शी रहे सुत तेरे तोय भूख लगेगी न पयास। लाला तोय ठीक बतलाऊं। वन्शी दै सुत सुरधाम सिधाऊं। लाला तोते ठीक ठीक कही। जो चाहे सो माँगले सुरधाम को जाय रही। रोय गयौ राँझौ सुज्ञानी दोऊं नैनन से जाके ढरकौ पानी। मइया मोकू जान अधीर। तू तो जाय रही इन्द्रपुरी को मेरो कैसे बचेगौ शरीर॥ सो खाइ जाय मार मौय बन चोते जा विकट बनी के बीच में॥
लहर–कहे कूं तू रोवे क्यों नैनन रह्यौ नीर बहाई रे।
भीर पड़े पै जा वन्शी को देना कमर बजाई रे॥
सत्तर वीर भेज दूंगी वों तेरी करे सहाई रे।
मानस जन की क्या गिनती दाने से देय बचाई रे।
दुशमन कै दल में तेरा लाला होयगी फते लड़ाई रे॥
तोपे पड़ि जाय भीर कुमर तब बीरन लाजो मनाई रे।
वीरन के परताप जाय तेरी जग में कीरत छाई रे॥
कोई नहि तेरो मरवइया सांची रहो बताई रे।
बीरन की बिद्या अपनी मैंने तोयं लाला दई गहाई रे।
पशु रोग होय दूर कुमर जो वन्शी दई बजाई रे।
यहाँ की बाते यहाँ रही मित्रो आगे सुनौ चितलाई रे।
गई अपसरा स्वर्ग लोक में इकलौ राँझौ रहि गयौ भाईरे।
विकट बनी में ठाड़ो राँझौ मन सोचे और पछिताई रे

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

कहा करू कित जाउ विधाता हीनों से ना वसि यापार।
ठाडौ ठाडौ सोचे मन में राहौ वीर बलदाई रे ॥
भारी फूंक बजाय दई वन्शी कुमर रहौ अजमाई रे।
सतर वीर मनाये वन्शी में राँझे ने करी चतुराई रे।
आइ गए वीर सुन। ही वन्शी जहाँ राँझौ इकलौ भाई रे।
कहा मुसीबत पडि गई तोपै ठीक ठीक दे बतलाई रे।
काहे कारण कुमर बुलाए कौन बिपत सिर आई रे।
इतने बचन सुने राँझे ने कहन लगौ है हरषाई रे।
मैंने वीर परीक्षा लीनी भई दूर भ्रम भाई रे।
बंशी सुनत आय गये तुम ढिग यों रहौ मैं हरषाई रे।
अब बन बीच अकेलौ घूमूं मोय कछु चिन्ता नाई रे।
जहाँ से आये वहां तुम जाओ वीर सुनो चितलाई रे।
जब तुम्हें सुमिरू' तबतुमअइयौ मति जायो बिसराई रे।
रङ्गत-जा तन लागी वोही तन जानतारे सरदारौ २ सुनियो
और को जाने रे पीर पराई।
कठिन मुसीबत राँझौ सहि रहौ सरदारौ २ सुनिए
विधि गति काऊ पै नाय मिटाई।
कपडा रंग लए जाने गेरुआ सरदारौ २ सुनिए
अलफी लीनी रे एक सिलवाई।
हाथ कमन्डल ले चीमटा रे सरदारौ २ सुनिए
अपनों लीयौ रे मूड मुडाई।
ग्राम शहर में ना ये पग धरै रैं सरदारो २ सुनिए

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

बन में रम ा रैं रहे ये आई।
बारह साल तो है गई विप्रति में रैं सरदारौ २ सुनिए
घर की दीनी रैं सुधि बिसराई।
दूध अङ्ग में है गयौ रैं सरदारौ २ सुनिए
सब अङ्ग में रैं रती तौ रमाई।
कठिन तपस्या जाने वनमें करी रैं सरदारौ २ सुनिए
ऊंची पदवी रे लई जाने पाई।
नाम अमर तौ जग में करि लयौ सरदारौ सुनिए
जग में कीरत रे रही है छाई।
घूमत २ रांझौ चलि दयौ रे सरदारौ २ सुनिए
शहर सिहाजे को सुरत लगाई।
धूनी लगाय लई राझे मरद ने रे सरदारौ सुनिए
अंग में लीनी रे भभूत रमा।

बारहमासी--दीनानाथ दयाल दीन के सुधि जल्दी लीजे, नन्द नन्दन घनश्याम दरश नटबर नागर दीजे। तुम्हारी ध्यान धरूं स्वामी। घट २ जाननहार सभी के तुम अन्तरयामी। भस्म तेरे नाम की तन धारी। सब कोई लेवे नाम जगत में रौ बनवारी। फकीरी मैंने धारी है। बन २ भटकन फिरौ नाम पड गयौ भिकारी है। भक्त तने तार दिए कबके। तेरे दरश से स्वामी दुख कट जाते हैं सगक। तुही है घट २ के स्वामी॥ तेरे दरशन हेत लगाई धनी चौरासी। न तेरौ कहीं

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

पतौ पायौ । कोट कामरू काशी और अयोध्या नाय पायौ । दरश देउ मौकू सुखवासी । जो नहीं दरशन देउ नाथ मरि जाऊं देकर फाँसी ।

चाल—बैठो कुमर रमाकर धूनी सुमिर रहौ ये रघुराई
बिकट बनी में कोई नाहैं दीखन रैन अंधेरी रही छाई।
मूड़ मुड़ाय बनौ सन्यासी सब घरबार छोड़ भाई ।
भटकत डोलो बिकट बनी में तेरौ पतौ पायौ नाहीं ।
दरस दिखायजा नन्द दुलारे क्यों धरिलइ तेने निठुराई।
कामी अजामिल वैसे तारी तार दई मीरा बाई ॥
बिना बीज का बना भक्त कौ खेत दीयौ तेने उपजाई ।
देजा दरश आय कर जनकौ क्यों तैने सुधि बिसराई ।
रङ्गत-यहाँ की चरचा अब तो यहाँ रही रे सरदारौ २
सुनिये रांझे मरद का रे रहे हाल सुनाई ।
जा तन लगी वोही तन जानता रे सरदारौ २ सुनिये
को जग जाने पीर पराई ।
चारौ धाम में रे राँझौ फिर चुकौ रे सरदारौ २ सुनिये
भेष फकीरौ रे लीयौ बनाई ।
बन बन डोलौ राँझौ भटकतौ रे सरदारौ २ सुनिये
चैन से सोटा रे न एक दिन खाई ॥
बायदा करि गइ हीरे स्वप्न में रे सरदारौ २ सुनिये
जो बेटी रे छोड़कर जाई ।
कसी मजाल तो इसकी ना चले रे सरदारौ २ सुनिये

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

सूरत गई है रे जिगर समाई।
भेष फकीरी रांझे ने धरि लई रे सरवारी २ सुनिये
कन्धा धरि लई रे लाल रजाई ॥
करे तलाशी हीरे हुरम की रे सरवारी २ सुनिये
पिछले जन्म की रे याद आई।
दरशन दिखाजा मौकूं आयके सुनि प्यारी हीरे
ऐसी क्यों धरी तैंने धरा निठुराई
किसके फन्दा में फस गई सुन हीरे द्रिवानी
या निद्रा ने रे लई दबाई।
खोजत डोलू मैं चारों दिशा सुनि हीरे दीवानी
तेरे नाम की रे भस्म रमाई।
तेरे पिछारी मैंने घर तजा सुनि हीरे प्यारी
माता पिता की रे सर धरी बुराई
प्रेमलता में मोकूं फांस कर सुन हीरे द्रिवानी
अब तू बैठो रे छोक में जाई।

धुनि–रांझौ मग्न बन बन भटकत डोले, अपना काऊ से न खोले, हीरे दिल बीच बसी, जाई के कारण रांझे ने मूड़ मुड़ायौ बाके नाम पै फेट कसी रांझे को भारी आरत रोज, अगले भाग में सुनो मित्रवर रांझे हीरे की मिलावेगौ खोज।

*. इति *

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

असली हीर रांझा
हीरे का स्वप्न
उर्फ
पक्कड की लड़ाई

दो०—बिघ्न हरण मंगल करन सकल संभारन काज ।
आज गजाधर सिंह की रखि दंगल में लाज ॥

(भेट)

राखि सभा में लाज कृष्णा बाँसुरी वाले ।
क०—दूसासन को मान घटायो, द्रोप सुता का चीर बढ़ायो ।
तो०—गज का फन्द छुडायो, कृष्णा बाँसुरी वाले । २ ।
भावई नाम लैं टेरी, गज घन्टा दीयो गेरी ।
तो०—कहाँ सोय गयौ मेरी वेरी. किशना बाँसुरी वाले ।२
तैंने तारौ सदन कसाई, मीराबाई पार लगाई ।
तो०—हुन्डी सिरसा पै बरसाई, किशना बाँसुरी वाले ।
तैंने भक्त अनेकन तारे, सुधि लै यशुदा के प्यारे ।
तो०—गजाधर कहै फतेहपुर बारे, किशना बाँसुरी वाले ।

वार्ता

प्यारे सज्जनों रात्रि के समय हीरे हुरम अपनी चित्र सारी पर पलिका बिछा कर सो रही थी । उस समय भगवान की इच्छा से स्वपन में राँझे मरद अपने पास

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

देखा था। राँझे वीर का ऐसा स्वरुप सुन्दर था। चन्द्रमा भी देखकर लज्जित हो जाता था। राँझे वीर को आप मामूली न समझे। राँझा वीर ७२ कला अवतार था। इतनें हीरे भी सती उतनें राँझा भी जती। इन दोनों सात जनम से पाक मुहब्बत चली आयी थी। हीरे हुरम ने स्वप्न में राँझे से गंगा धरम लीया। और राँझे ने साथ रहने का वायदा भी किया। अब हीरे के स्वप्न की कहानी आपके सामने पेश करता हूं। ध्यान पूर्वक सुनिए।

(रंगत)

सुमिरन करिके श्री जगदम्बा को सरदारी २ सुनिये।
गुरु चरनन में रे रहौ शीश नवाई॥
लिखूं लेखनी राँझे बीर की सरदारी २ सुनिए।
जाकी कीरत रे जगत में छाई॥
हीरे जागी अपने महल में सरदारी २ सुनिए।
देखन लागी रे नैन निघाई.॥
सूरत बसिगई राँझे की जिगर में सरदारी २ सुनिए।
धीर धरे कैसे छोलक जाई॥
बायदा करि गयौ मोते स्वपन में परदेशी २ प्यारे।
अब कहाँ सोयो रे पैर फैलाई॥
दरश दिखाय जा मोकूं आयके परदेशी २ प्यारे।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

वायदा करि गयौ रे तू जाइ निभाई ॥
मंगा भरम तो हमसे खाय गयौ परदेशी २ प्यारे।
अब क्यों दोनों रे याद बिसराई ॥
रुदन मचाय रही हीरे महल में सरदारौ २ सुनिए।
कोई धीरज रे बधैया नाई।
जा तन लागी वो तन जानता सरदारौ २ सुनिए।
को अब जाने रे पीर पराई।
खान पान तो हीरे ने तजि दयो सरदारौ २ सुनिए।
राँझो चित में रे गयौ समाइ॥
हाल जिगर का अब किससे कहूं सरदारौ २ सुनिए।
मन में सोचे रे बहुत पछिताई ॥
धोको दै गयौ मोकूं स्वपन में सरदारौ २ सुनिए।
अब नहीं लौटे रे दुष्ट दुखदाई ॥
शहर सिहाले हीरे रोय रहीं सरदारौ २ सुनिए।
फक्कड़ चाचा के पास इग आई ॥
हाथ जोडकर हीरे कह रही सुनि चाचा २ मेरे।
तो विन कोई रे न करे सहाई ॥
शरम खोलकर तुमसे मैं कहूं सुनि चाचा २ मेरे।
तू विपता में रे करे सहाई ॥
मोय मिलादे राँजे मरद से सुनि चाचा २ मेरे।
खत पहुँचायदे रे हजारे माँही ॥

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

गुन नही भूलूं मैं अब आपका सुनि चाचा २ मेरे ।
मोय २ करि रही रे छोछक जाई ॥

(चाल)

बोलौ फक्कड अर्जगुजारे अर्ज गुजारूं बेटी तेरे माही ।
लिखदे चिट्ठी अपने हाथ से खत राँजे पे देइ पहुचाइ ।
इतने बचन सुने फक्कड के खुश है गयी हीरे बाई ।
दवात कलम कागज लैलियौ लिख रही छोछक जाइ ।
सिद्ध श्री नारायण लिखदये पटमल लिख दीयौ भाइ ॥
शहर सिहालो लिखौ हीरे ने छोछक पिता लिखो बाइ ।
गाँम लिख दयौ तखत हजारौ नाम लिखौ राँझौहरबाइ।
बायदा कीयो मोसे स्वपन में परदेशी क्यों विसराइ ।
गंगा धरम उठाय गयौ मोते त्रिवाचा भरि गयौ आइ ।
जिवत होय तो दरशदिखइयो मर को परेखोदुनियावाइ
जो संग झूंठ हमारे बोलौ तो किन में तू जाइ ॥
जिन्हों होय तो दरशन दीजो धरम तजदियो दुखदाइ ।
दसखत हीरे ने अपने करिदये मौहरसिहालेकी चिपटाइ
लिखकर खत फक्कड को दे दयौ हाथ जोडकर फरमाइ
जइयौ जाचा तू जल्दी से खबर देइ जल्दी लाइ ॥
जो तू देर करेगौ मारग में मरी मिलेगी छोछक जाइ ।

(तर्ज बारहमासी)

चलौ जा चाचा फक्कड है ।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

मति रस्ता में कहूं वैठि जाय करि के मक्कड है।
मोय मालूम तेरें दगा की।
जल्दी दीजौ खबर कसम तोय श्री गंगा की॥
चचा दल्दी २ जइयो।
ढहरन में मिल जाय संग अपने लेके अइयो॥
दिखइयौ जाकर तू चिठिया।
शहर सिहाले में तोबित मेरी मरि जायगी बिटिया।
धीर धरि रहि बेटी घर में।
राँझे को मैं संग लाऊंगो थोडे अवसर में।
काम करनौ है अब तेरो।
खानपान को इन्तजाम करि दे तू बेटी पूरो॥
काम नहीं करूँ मधूरा है।
असवारी को दै २ बेटी भैंसा भूरा है॥
करीना जरा अवारी है।
इन्तजाम करि दयौ दयो भैंसा असवारी है।
चलौ फक्कड हरषायौ है।
रात दिना को धावा करि दयौ करी सफायी है।
दौर कर तो जाय शहरन की।
तरात हजारें गयौ पहुंच सुरत जाने धरि ढहरनकी।
फक्कड बडौ जलया है।
पहुँचौ राँझे पास चाराय रहौ ढहरन गयया है।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

ग्वनारिया फक्कड को पाया।
राँझे पै लयो पूछ पतो फिर आगे को धायो।
छाती फक्कड की धक्की॥
भैंसा दयौ बढाय सूति लै लीनी बरगद की।
देखि कर फक्कड भयो राजी॥
राँझे मदद की बंशी उस दिन बरगद पै बाजी।
तले बरगद के आयौ है॥
तुरत जेब से काढि के खत राँझु को पकरायी है।

कबित्त

चिट्ठी को खोली राँझो पढ़न लगौ हरषाय।
तख्त हजारो जाय लिखौ खत में पायौ है॥३॥
शहर सिहालो लियौ हीरे लिखो छोछक जाई।
स्वप्न में वायदा करिके फेर क्यों न आयो है॥२॥
भूलि गयौ निरमोही तीन वार कसम खाई।
लौट २ गंगाधरम रात में उठायौ है॥ ३॥
गजाधर कहत याद सपने की आप करौ।
जो न आयौ आप समझू कसाई को गाय है॥४

धुनी

राझु ने फिर करी सफाई, गयो खिरकन में
पहूंच घोडी जाने लीली है सजायी। चनुआ भती जों
पडौ संग रहौ राँझो समझायी। मानत नाहें कही।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

मुश्क बाँधकर जब चनुआ की बग्गद पै लटकाय दई ॥
तख्त हजारे से राँझो चलि दीयो । बिशाल कोट गयो आय कुमर ने बिलमुन कीयो । भैंसा फक्कड़ ने दयो है बढ़ाय । बिशाल कोट पिछारी छोड़ो आगे की लई सुरत लगाय ॥

[रंगत]

यहां की बातें यहाँ रही सरदारौ २ सुनिये ।
अग्र हाल तो रे रहौ सुनाई ॥
बिशाल कोट के जाय रहे ढहर में सरदारौ २ सुनिये ।
मरी मवेशी रे कुमर को पाई ।
रुधन मचावे सबरे ग्वाग्यिा सरदारौ २ सुनिये ।
राँझे मरद ने रे लये पास बुलाई ॥
कैसे मवेशी तुम्हारी मरि गई सरदारौ २ सुनिये ।
ठीक २ तो रे देउ बताई ॥
सुनि कर इतनी कहि रहे ग्वारिया बरदेशी २ भैया ।
हाल जिगर का रे कहा ना जाई ॥
सारी मवेशी मरि गई शहर की परदेशी २ भैया ।
काल बली तो रे गयो इने खाई ॥
कहा रोग तो पहले है गयौ सरदारौ २ सुनिए ।
सब हमको देना रे भेद बताई ॥
रोय स्वान जो नीचो मुख कीयो सरदारौ २ सुनिए ।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

बात इसी का रे अचरज भाई ॥
समझ बात लई रौंझे बीर ने सरदारौ २ सुनिए ।
लीने अपने रे बीर मनाई ॥
है गयौ ठाड़ो गुरु का धरि ध्यान सरदारौ २ सुनिए ।
सब बीमारी रे मवेशी में आई ॥
स्वान का रूप बीमारी ने धरौ सरदारौ २ सुनिए ।
रौंझौ मरद तो रे करत लखाई ॥
छोड़ बीर दीए रौंझे मरद ने सरदारौ २ सुनिए ।
फौरन लीनो रे स्वान दबाई ॥
बीमारी तो नसनस करि दई सरदारौ २ सुनिए ।
अपनी दीनी रे आन लगाई ॥
रौंझो फक्कड़ दोनों चलि दए सरदारौ २ सुनिए ।
धंधल नदिया पै गए हैं आई ॥
लड़की पाई पहले मिसुर की सरदारौ २ सुनिए ।
रौंझे मरद ने रे गिरा सुनाई ॥
रुधन मचाय रही ब्राह्मण की सुता सरदारौ २ सुनिए ।
कैसे रोवे रे बताय दै बाई ॥
बचन सुने हैं रौंझे मरद के सरदारौ २ सुनिए ।
रोय २ लड़की ने अरज सुनाई ॥
मरी मवेशी सारे नगर की परदेशी २ भैया ।
बीमारी रही है रे जोर लगाई ॥

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

ठीक मनोशी रांझे ने करी सदारौ सुनिए ।
ब्राह्मण की लई रे बहिन बनाई ॥
फक्कड राँझौ दोनों चाल दए सरदारौ २ सुनिए ।
नदिया पै पाई मलहा जाई ॥
नाव डारि देउ जल्दी आयके मल्हा की बेटी ।
पल्ली पार तो रे देउ पहुँचाई ॥

[लहर]

सुनिके बचन राँझो के बेटी कह रही मलहा जाई रे ।
नाम गांम परदेशी बतायदे पास हमारे आई रे ।
इतने वचन सुने रांझे ने कहन लगौ फरमाई रे ।
तखत हजारो गाँम नाम है राँझो मलहा जाई रे ।
शहर सिहाले को जाय रहे जहाँ हीरे हुरम बताई रे ।
सुनिकर बचन झुसकाय गई है बेटी मलहा जाई रे ।
तेरे कारण राँझे मैंने जौ गंगा में बै आई रे ।

धुनि—हीरे के मति पड़े पिछारी, जायगी तोकूँ खाय समझा ले नागिन कारी ॥ हीरे ही समझ ले मोय करिके ब्याह संग ले चलियो राम करे सोहोय वायदा करिके मलहा की बेटी से रांझो शहर सिहाले चलि दयो ॥ फक्कड को भैंसा चलत अगारी । ताके रांझौ चले पिछारी ॥ करी मुहीम । कौन बढावे जंजारच को दाबी है शहर सिहाले की सीम । सीम दबाई रांझे

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

मरदने फक्कड शहर सिहाले को चल दयौ ॥

चाल-यहां की बातें अब यहां छोडी आगे की सुनोचित लाई । कर २ याद वा रांझे मरद की नदिया रोवे मन्हा जाइ । मंगा धरम मठाय मयौ मोते कब आवेगो दुखदाई ॥ इतमें बेटी रोय रही है मिसुर की रांझे के रहे गुणगाई । मरी मवेशी ठीक करि गयो बहिन बना कर बिसराई ॥ चनू भतीजो वरगद पै रोवे उलटो आयो वाय लटकाइ ॥ घोड़ी रोय रही है खिरकन में याद रही है राँझे की आई ॥ मात पिता रोवे तख्त हजारे छऊँ रोमें जाकौ भौजाई ॥ राँझो रोय रहौ है जंगल में याद रही घर की आई । परदेशन में कोई नाहें अपनो दरश दिखाय जा छोछक जाई ॥ शहर सिहालो रांझे को चमक रहौ किले पै झडी फैराई ॥ मारग चले सोच रहौ मन में नैन न में रहौ जलछाई । सुरत लगाय लयी राँझे मरद ने बाग के ढिंग पहुँचो जाई ॥ भारी याद करे हीरे की खान पान दयौ बिसराई । शाम भई दिन गयौ है प्रदिन पै अपनो कोई दीखत नाई ॥

रङ्गत-जातन लागी बोही बन जामता सरदारौ सुनिये ।
अब को जाने रे पीर पराइ ॥
प्रेम जाल में राँझो फसि गयौ सरदारौ२ सुनिये ।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

मनमैं सोचे रे बहुत पछताई ॥
रांझो रोय रहौ जंगल में खडो सरदारौ २ सुनिये ।
हीरे रोवे रे सिहाले माही ॥
सोच समझ कर राँझो चलि दयौ सरदारौ २ सुनिये ।
आगे बढि गयौ रे बाग़ के मांही ।
रन अन्धेरी घूकि रही सरदारौ २ सुनिये ।
हाथे हाथ रे रखे नहीं भाई ॥
मरदन कोई जंगल में रखे सरदारौ २ सुनिये ।
राँजो मन में रे रहौ घबडाई ॥
घतने हीरे से फक्कड कहि रहौ सरदारौ २ सुनिबे ।
रांझो आवेगो सिहाले माँही ॥
धीरज धारौ बेटी जिगर में सुनि दुहिता २ मेरी ।
गगा धरम तो रे गयौ मोते उठाई ॥

धुनि–राझो रोय रहौ जंगल में, इत हीरे रोवत महल न में । भारी रही रुधन मचाय । मो दुखिया को साहिवा कब दर्शन देगे आय ॥ तोडि पिछारी घोडी चलि दयी राँझे वारी । नदिया पै गयी आय जहां मलहा की दुलारी ॥ मलहा की कहत सिहाय । कौन की घोडी तू कहाँ ते आयी बिन असवार रही तू कहां को जाय ॥ पंच सुनो चिसलाय । रांझे हीरे घोडी को मिलायो अब अगिले भाग में मिलजाय ॥

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

सचित्र रेडियो एण्ड ट्रांजिस्टर गाइड

इस नवीन पुस्तक में नये २ ट्रांजिस्टर बनाना, इसमें होने वाली प्रत्येक खराबियों को पहचानना, उनकी मरम्मत करने की विधि, यानी ट्रांजिस्टर के सर्किटों के नक्शे व प्रत्येक पुर्जों का ज्ञान अच्छी तरह से समझाया गया है। जरा-जरासी खराबी के लिए ट्रांजिस्टर मेकेनिक पर जाना पड़ता है। अब इस पुस्तक को मंगाने के बाद आपको कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है। इस पुस्तक में मय चित्रों के सारी बातें समझाई गई हैं। जिससे एक साधारण मनुष्य भी रेडियो का काम सीख सके फिर भी की० ५) डा० ख० १/५० अलग।

सचित्र रेडियो संसार

रेडियो स्टेशन पर किस तरह से एक्टर बोल जाते हैं व मशीनें आवाज कैच करके किस तरह आपके पास तक पहुंचाती हैं, गाते हुए एक्टर व मशीनरियों के फोटो सहित पुस्तक का मूल्य ८) डा० ख० १/५०

पता—दीपचन्द बुकसेलर नयागंज हाथरस यू० पी०

कौतुक रत्न भण्डार

असली पुराने छापे का

सचित्र बड़ा इन्द्रजाल

सोचते क्या हो अगर आपको अपनी सभी कठिनाइयां दूर कर मनचाहा काम करना है तो असली हस्तलिखित पुराने छापे का बड़ा इन्द्रजाल, जिसमें यन्त्र मन्त्र तन्त्र द्वारा मनचाही स्त्री-मर्द को वश में करना, जमीन में गड़ा हुआ धन दिखाई देना, बांझ स्त्री के सन्तान पैदा होना, गुमशुदा चीज का पता लगाना, सर्प और बीछू का बिष उतारना, भूत प्रेत को वश में करना, मुकद्दमे में विजय पाना, सब के सामने अन्तरध्यान होना, बिना दीपक के उजाला होना, मनुष्य को भेड़ा बनाना, जल में पत्थर तैरना, कटे सर से बातचीत करना, बीसा यन्त्र, भैरों, महाकाली, दुर्गा के यन्त्र मन्त्र तथा टोटकों द्वारा बीमारियों का इलाज व बहुत से चित्र दिए हैं, फिर भी मू० ४) डा. ख. १.५०

पता—दीपचन्द बुकसेलर, नयागंज हाथरस, उ० प्र०।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

असली हीर रांझा

गुरु गोरख की झांकी

उर्फ

राँझे का विलाप

दोहा—विघ्न हरण मङ्गल करन; सकल संभारन काज ।
आज गजाधरसिंह को; रखि दङ्गल में लाज ॥

भेट—तुही घट २ जानन हार, तूही करता है बेड़ा पार ।
तूही पंडा तूही पुजारी; तूही मिरगा तूही शिकारी ।
तो.-तूही तीर तूही तलवार, तूही करता है बेडा पार ।
तूही बाज है तूही चिड़िया, तूही बकरो तूही भिडिया
तो.-तूही ऊजड तूही गुलजार, तूही करता है० ॥ २
तूही पृथ्वी तूही पाताल, तूही अमर तूही काल ।
तो.-तूही अन्न तूही आहार । तू ही करता है० ॥ ३
तूही अग्नि तूही जल है, तूही पवन तूही अचल है ।
तो.-तूही राजा तूही दरबार । तूही करता है० ॥ ४
तूही नाँचे तूही गावे, तूही सुनता तूही सुनावे ।
तो.-तूही रूप तूही सिंगार । तूहीं करता है० ॥ ५
तूही बोले तूही डोले, तूही खोले तूही तोले ।
तो.-तूही कङ्गाल तूही साहूकार तूही करता है० ॥ ६
तूही बिजेन्द्र तूही जजेन्द्र, तूही बाहर तूही अन्दर ।
तो.-तूही गजाधर तूही कबिसार । तूही करता है० । ७

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

वार्ता—प्यारे सज्जनो ! राँझा हीरे तख्तहजारे में अपने माता पिता से मिलकर दोनों वापिस चल दिए। नगर निवासियों ने और उसके माता पिता ने कुटुम्ब ने राँझे हीर को समझाया और राँझे हीर ने किसी की नहीं मानी। हटपूर्वक नगर को छोड़कर चल दिए। जङ्गल में भ्रमण करते हुए गुरु गोरखनाथ की झाँकी करने जा रहे हैं।

* चाल *

पहले सुमिरू जगदम्बा को गुरु चरनन रहौ शिरनाई।
लिखूं लेखनी अब राँझे की मित्रो सुनि लेउ चितलाई।
शुद्ध लेखनी चले हमारी महर करिगे रघुराई।
यहाँ की बातें अब यहाँ छोडी राँझे की कहूं कविताई।
जङ्गल की सुरत लगाइ लई राँझे ने तख्तहजारौ विसराई
मातपिता जाने रोवत छोड़े रोवत छोडीं छैऊ भौजाई।
नगर निवासी सबही रोमें रोय रहे जाके भाई।
चनुआ मतीजौ रुधन मचावे छोड चले चाचा दुखदाई।
बिन चाचा के सब जग सूनो खानपान दियौ बिसराई।
फटिजाय धरणि समाय जाऊं जामें याद चचाकी रहो आई
समझाये से मानत नाहैं समझाय रहों चाची ताई॥
रङ्गत—यहाँ की बातें अब तो यहाँ रहीं सरदारो सुनिए आगे हाल तो रे रहे सुनाई।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

हीरे राँझे दोनों चलि दए सरदारो सुनिए
नगर की दई रे सुधि बिसराई।
रात दिना कौ धावा करि रहे सरदारो सुनिए
खान पान तो रे छोड दयौ भाई।
जा तन लागी वो तन जानता सरदारो सुनिए
को अब जाने रे पीर पराई।
हीरे कहि ग्ही राँझे मरद से सुनि साजन मेरे
बन २ डोले रे मुसीबत पाई।
तख्त हजारे लेकर सोइ गए सुनि साजन मेरे
तुमसे सेतो रे लडी भौजाई।
रहन न दिए हम तुम नगर में सुनि साजन मेरे
काऊ दिन रोटी रे न सुख से खाई।
रुधन मचावे हीरे बिपन में सरदारो सुनिए
राँझौ बीर तो रे रहौ समझाई।
जो लिख दीनी बिध ने भाग्य में सुनि प्यारो मेरी
मिटती नहीं है रे देखि मिटाई।

* रागिनी *

मति पजितावे रुधन मचावे दिल में धीरज धारौ।
जो लिख दिया भाग्य में विधि ने कोई न मेंटन हारौ।
क०—विपता परिगई हरिश्चन्द्र पे काशी बिके विचारे।
राजा रानी बिके साथ में रोहित प्रानन प्यारे।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

जाय चाकरी करी सुपच की सङ्कट टरे न टारे।
राजा बने भाग्य के बल से मरघट के रखवारे।
टो.–लियौ नागने खाय कुमर जब करको हाथ परारौ।
क०–परी मुसीवत रामचन्द्र पे बन में दिए पठाई।
परी आनकर सीताजी पे रावण आय चुराई।
लक्ष्मण जी पे परी आनकर शक्ती बनि दुखदाई।
हनूमान पे परी भरत ने दियौ वान चलाई॥
टो.–परी मुसीवत मोरध्वज पर सुतपे खींचौ आरौ।
क०-आन मुसीबत परी ध्रुवपे बनको दियौ पठाई।
परी कठिन प्रहलाद भक्त पें दीयौ खम्भ बँधवाई।
द्रोपती पे परिगई आन जब चीर गहौ खल आई
आइ परिगई पन्डन पे दियौ महाभारत रचवाई॥
टो.-कीचक पे जब आन परिगई भीम ने धरनि पछारौ
क –करौ तसल्ली धीरज धारौ लाज रखें हरि तेरी।
लीनो खबर आइ गिरधारी जब मंझारी टेरी।
गज की टेर सुनो जब आकर ग्राह करी अंधेरी।
गजाधर कहे लाज तेरी राखें आकर श्याम सबेरी।
टो.-बिजेन्द्र कहै अजेन्द्र गावे गाँव फतेहपुर वारौ। ४

* तर्ज बारहमासी *

धीर धरि प्यारा तू मनमें। लिखा भाग्य का मिटे न डोलनों लिख दयी बनर में। रहौ हीरे को समझाई,

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

क्यों करती है रुधन धीर धरि तू छोछक जाई। कहन अब मानों मेरो है। इसी जगह जाउ बैठि रैन अब झुकी अंधेरी है। लई वन्शी राँझे ने कर में। रघुबर कौ धरि ध्यान बजाय दूई बन्शो बेहड़ में॥ लेउ सुधि मेरी गिरधारी। कहाँ पर कीना देर सोय गए क्यों मेरो बारी॥ मो पर क्यों संकट डारौ। राँझे की सुनि टेर सिंहासन विश्नु कौ हालौ। कही मुख से आरत बानी। करी न पल की देर बुलाय लिये नारद सुज्ञानी। जल्द तुम मंझलोक जाओ। पड़ी भक्तपै भीर देखिके ह ाको बतलाओ॥

रङ्गत—इतनी सुनकर नारद चलि दिए सरदारो सुनिए मंझलोक की रे सुरत लगाई।

विप्र रूप तौ नारद धरि लयौ सरदारो सुनिए हाथ लकुटिया रे तुरत उठाई।

मंझलोक में नारद आइ गए सरदारौ सुनिए भ्रमण करि रहे रे चहुंदिश माई।

चारौ तरफ तो देख मुनि खड़े सरदारौ सुनिए राँझौ मरदू ता रे परौ लखाई।

आइ अगारी नारद जी गये सरदारौ सुनिए राँझे मरदु को रे रहे समझाई।

कहा मुशीबत तोपे परि गई सुनि राँझे बेटा क्यों तू भारो रे रुधन मचाई।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

कौन देश में तू बासा करे सुनि बच्चा मेरी
कैसे यहाँ पर रे गयौ है आई।
नाम गाम तौ बतलायदे सुनि बच्चा मेरी
क्यों तू रोवै रे रुधन मचाई।

* लहर *

इतने बचन सुने राँझे ने चरन गिरौ भहराई रे।
धन्य २ हैं भाग्य हमारे दरशन दिए तुम आई रे।
तख्त हजारौ गाम हमारौ स्वामी रहौ बतलाई रे।
अमीचन्द है पिता हमारौ सत्य कहूं समझाई रे।
इसका नाम बताऊं मैं हीरे बेटी छोड़क जाई रे।
मेरे सङ्ग में भारो स्वामी रही मुसीबत पाई रे।
गुरु गोरख क हमको स्वामी दरशन देउ कराई रे।
इस बनखड़ के बीच नाथ मोपे भारी परी तबाई रे।
कोई न जग में अपनों दीखे तुमही करौ सहाई रे।
रुधन मचाय रहौ राँझौ नैनन से रहौ जल बरसाई रे।
मति घबराय धीर धरि बेटा नारद रहे समझाई रे।
गुरु गोरख की झाँकी बेटा तोकूं देउं कराई रे।
धरि दयौ हाथ खुशी रहि बेटा तोइ देउं गैल बताई रे

धुनि—राँझौ खुश है गयौ दिल भारी। है गयौ अन्तरध्यान कुमर ब्रह्मा कौ औतारी। राँझे को रस्ता गयौ बताय। विश्नुलोक में नारद पहुँचे सब दोनौ है

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

रे कथा सुनाय। राँझे हीरे बिकट बनी में स्वामी याद तुम्हारी करि रहे। सत्य रहौ मैं मुख से भाँकी। हीरे राँझे बिकट बनी में गोरख की करिवे आए झाँकी। सुनि लेउ ध्यान लगाय। बिकट बनी के बीच में उनको आयौ हूं रस्ता बताय। हीरे राँझे बिकट बनी में झाँकी गोरख की करिबे जाइ रहे॥

कहरवा—चलि दये हीरे राँझे अपने जिगर में हरसाय। पहुँच गये घाटगढ़ पै रैन अँधेरी रही छाय। रहे जङ्गल में चीते शेर बघरा गस्त लगाय। बीर राँझे ने अपनी बन्शी लई हाथ उठाय॥ बजाय दई बन्शी बनमें विश्नु को ध्यान लगाय। शेष की बाँमी वहाँ पर खबर नाग को परि जाय। सोइ गए हीरे राँझे निद्रा भारी गई है आय। शेष को बेटा तक्षक बाँमी से चलौहै रिस्याय। सोइरहे राँझे हीरे देखत नैननिघाय। हमारी आय घाटी पै डेरा जाने दीए हैं लगाय॥ क्रोध करि भारी मनमें हीरे हुस्म लई जाने खाय। डसि हीरे चलि दयौ दुशमन बामी में धसि जाय॥

* तर्ज बारहमासी *

शेश कुवर हीरे को डसि बामी में धायौ है। जहर गयौ तन फैल नशा हीरे को छायौ है। नशा में सोइ रही हीरे तन में फैलो जहर झाग जिय पटकि रही

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

पीरे। उठौ रांझौ बलदाई है। हीरे को रहौ जगाय जगे नहीं छोछक जाई है। मधुर मुख से बानी बोले। धरे नांक पै हाथ फेरि जिय नैनन को खोले सोइ गई त सुकमारी है। क्यों नहीं मुख से बोलो मेरी प्रांनन प्यारी है। करी मैंने तेरी राखी। तेरे पीछे हीरे मैं बनि डोलौ बाबाजी। बजि दयौ रूत हजारी है। छोड़ि कुटुम्ब परिवार कियौ तेरौ लीयौ सहारौ है॥ रुधन करि धरणी सिह मारे। देखि २ हीरे को नैनन से आंसू डारे॥

धनि—कोई न अपनों पड़त लखाई। बिकट बनो मैं रहौ रुधन मचाई। लेउ खबर मेरी रघुराई। तुम बिन अब को करे सहाई॥ दरशन दे जाओ मोय। लाश धरी हीरे की अगारी रहौ बिकट बनी में रॉझौ रोय। गुरु गोरख कौ ध्यान लगायौ। वायक वानी भई वीर का बचन सुनायौ। क्यों रहौ रुधन मचाय। हीरे हुरम छोछक की जाई को गयौ शेश कुमर जी खाय॥ सत्य २ मुख से रहौ भांकी। धरिले धीर जिगर में लाला गुरू गोरख को होइ तोइ झाँकी॥ धोग्ज फेरि कुमर को आयौ। गुरू गोरख से ध्यान लगायौ। लीनी लाश उठाय। हीरे हुरम कन्धा पे धरि लई गयौ गोरख टीले पैं आय॥

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

* रागिनी *

हीरे हुरम की न्हास धरि दई गोरख टीले जाके।
गुरु गोरख के चरण पकड़ लये खेउ नाथ अपनाके॥
क.-छोड कुटुम्ब परिवार नाथ मैं दरशन करने आया।
हीरे हुरम छोछक जाई को साथ आपने लाया।
बिकट बनी में भटकत डोला भारी कष्ट उठाया।
तो.-कीजे नजर महर का स्वामी दास कहै समझाके।
क.-हँसकर कही गुरु गोरखने क्या दिल चिन्ता छाई।
केसे हुआ हिराश कुमर तू दे मोकूं बतलाई।
बन भटकत फिरे अकेला क्यों तकलीफ उठाई।
दिली हाल सब कहिदे मुझसे क्यों रहौ कुमर छिपाई
तो.-हाथ जोड़कर राँझा बोला चरनन शीश नवाके॥२
क.-हीरे हुरम नाग ने खाइ लई बेटी छोछक जाई।
करौ महर की नजर नाथ तुम इसको देउ बचाई।
चाटीगढ़ पे स्वामी इसको नाग गयौ है खाई।
हाथ फिरायौ गुरु गोरख ने हाल जहर हटजाई।
तो.-हारे बैठी भई एकदम मनमें बहुत सिहाके॥ ३
क.-धरि दयौ हाथ खुशी रहि बेटा मति दिलमें घबराओ
लेकर साथ आपने हीरे तख्त हजारे जाओ।
पिता मात की सेवा करना अपना जन्म बिताओ।
बिजेन्द्रसिंह अजेन्द्र से कहैं नई रागिना गाओ।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

दो.-चक्राधरसिंह फतेहउँर वारे सबको रहे सुनाके ॥ ४

रङ्गत-यहाँ की चरचा अब तो यहाँ रही सरदारो सुनिए
अब आगे की रे रहे सुनाई।

गुरु गोरख ने रांझे से कही सुनि चेला मेरे
अब तू जाना रे हजारे माही।

मारो २ अब तू क्यों फिरे सुनि चेला मेरे
बन २ डोले रे मुसीबत पाई।

क्या सुख पायो तेरे सङ्ग में सुनि चेला मेरे
सहे मसीबत रे हीरेबाई।

शेर बघर्रा डोलें विपन में सुनि चेला मेरे
जायगौ कोई रे दुष्ट तुम्हें खाई॥

मात पिता की सेवा तुम करौ सुनि चेला मेरे
इसी बात में रे होइ भलाई॥

इतनी सुनकर रांझो रोइ रहौ सुनि बाबा मेरे
चरण पकड़ के रे रहौ डकराई।

शरण लई हैं मैंने आपकी सुनि बाबा मेरे
चाहे तुम मारो रे चाहें लेउ बचाई।

तख्त हजारे को हम पग ना धरें सुनि बाबा मेरे
शरण आपकी रे गए हम आई।

पांय न हरगिज दिंगे नगर में सुनि बाबा मेरे
तेरे नाम पै रे भसम रमाई।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

शरण लई है मैंने आपकी सुनि बाबा मेरे
अपना लेना रे मोइ शिष्य बनाई।
चरण गहि लये गोरखनाथ के सरदारो सुनिए
राँझो वीर तौ रे रहो रुधन मचाई।
राँझो रोवे हीरे रोय रही सरदारो सुनिए
गुरू गोरख तौ रे गए घबडाई।
हाथ धरो हैं गोरखनाथ ने सुनि चेला मेरे
क्यों तू भारी रे रहो रुधन मचाई।
जो तू मांगे सो ही दे सकूं सुनि चेला मेरे
मुख से कहना रे बचन फरमाई।

* चाल *

हाथ जोडकर राँझो बोलो सुनों गुरूजी चितलाई।
तख्त हजारे हरगिज स्वामी पाँय धरन को मैं नहीं॥
इतने बचन सुने गोरख ने राँझे से कहैं समझाई।
जो मांगे सो ही दुङ्गो क्यों चेला रहो घबड़ाई॥
मांगलो वरदान कुमर जा गोरख जी रहे हरषाई।
गुरू गोरख के बचन सुने हैं राँझो बोल रहो फरमाई।
धरि देउ हाथ शीश पे स्वामी अमर अङ्ग मेरो हैजाई।
बचन सुने खुश हैगयो गोरख धन्य २ राँझे बलदाई।
धरिदयो हाथ अमर करि काया जगमें काल तोइ नहीं खाई
हीरे हुरम ने गुरू गोरख के चरण पकड़ लिए भैराई।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

राँझौ मरद अमर करि दीयौ रोय २ कहै छोछक जाई।
जो मांगू सो स्वामी देना शरण आपकी मैं आई॥
फटिजाय धरणि समाइजाऊं जामें ये चिन्ता दिलपे छाई
बचन सुने हैं गुरु गोरख ने मन सोचे और पछिताई।
यह जोडी करतार बनाई कैंसे दऊं जाय बिसराई।
ऐसी ठानि जिगर में बेटी क्यों ठानी हीरेबाई।
हीरे हुरम को गुरु गोरख बार २ रहें समझाई।
दियौ बरदान गुरु गोरख ने धरण समाई छोछक जाई।

* धुनि *

दै वरदान गुरूजी रोयौ। हीरे रांझे की यहां भयौ है बिछोयौ॥ कवि गजाधर लिखते हाल। हीरे से रांझे कौ होय मिलायौ रांझौ जायगौ पाताल॥

* इति *

घुरेलाल गुप्त द्वारा श्रीकृष्ण प्रेस हाथरस में मुद्रित

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

पशुओं का रोग दूर करने के लिए

असली हीर रांझा

हीर रांझे का अमर होना उर्फ देवलोक बास

बारहवां भाग

दोहा-नगर कोट बैकुण्ठ से. अइयो दुर्गे मात ।
दीन जान मो दीन की, लाज तुम्हारे हात ॥
भेंट-तू नगर कोट से आयजा मैया सिंह सजाय के ।
नलऊ के कारज तैने लखियाबन में कीने जायके ।
कली-दानैन से कीनी जङ्ग गांड़े लाई कटवाय ।
पिंगुल में मात तीने घर घर दिए बटवाय ॥
तोड़—शिव बरदानी दानों दीयी दरब जे चिबनाय के ।१
कली दास तो मनावे तोय मतना लगावे देर ।
जल्दी आओ मात तुम सिंह ऊपर पाखर गेर ।
कहत गजाधर मात पीतम्बर रह टेर ॥
तोड़=फतेपुर शुभ धाम बिजेन्द्र रहौ मनाय के ॥ २
चाल छोड़ मजिरनी अब देवनको रांझेकी रहौ गुणगाई
जङ्ग जीत के अब वासिक गे रांझे मन में हरषाई
सङ्ग सता लीनो मलङ्गा की ओर लोनी छोक्रक जाई
भेंट दई है वासिक नृप ने रांझे कमर को हरषाई
लेकर भेंट चलि दयौ रांझो मंझलोक में गयो आई

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

गुरु गोरख के ढिंग आइके चरण गहिरहो शिर नाई
करो महर की नजर दास पर स्वामी सुनों चितलाई
रङ्ग १—इतनी सुनकर गोरख कहि रहे सुनि रांझे लाला
कहा मुशीबत रे तेंने पाई।
एक दम ठाड़ों गोरख है गयो सुनि बीरन मेरे
चेला लियो रे कन्ठ लगाई।
क्यों रोवे तू अपनों सिर धुने सुनि चेला मेरे
धीरज धरो रे जिगर के माहो।
डिब्बा खोलो तुरत भभूत को सरदारो सुनिये
रांझे के मस्तक रे दई लगाइ।
अमर अङ्ग तो तेरो है गयो सुनि चेला मेरे
अमर भई। रे ये छोछक जाई।
चन्द्रकला तो अमर न है सके सुनि रांझे चेला
सत्य हाल तो रे मैं रही बताई।
जो मांगे सो मैं तोकूं दऊं सुनि चेला मेरे
मेरे कारण रे मुशीबत पाइ।
इतनी सुनकर रांझो कहि रहो सुनि बाबा मेरे
हाल जिगर को रे कही ना जाई।
सुख नहीं पायो हमने जनम से सुनि गोरख बाबा
ठोकर हमने रे दर दर खाई।
जा हीर के मैंने कारणे सबि गोरख बाबा
अपनों लीयो रे मूड़ मुड़ाई।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

मात पिता तो अपने छोड़के सुनि गोरख बाबा सङ्ग हमारे है रही रे छोछक जाई।

इतनी सुनि कर गोरख कहि रही सुनि रांझे बेटा अब मैं जाता हूँ रे सुन चितलाई।

ईतनी कहि के गोरख चल दयो सरदारो सुनिये गोरख टीले की रे सुरति लगाई।

कहि रहो राँझी हीर हुरम से सुनि प्यारी मेरी चन्द्रकला को रे आउ पहुंचाई।

बन बन डोले सङ्ग में भटकती सुनि हीरे प्यारी कठिन मुसीबत रे रही पाई।

तुम भी जाओ सिहाले कोट को सुनि हीरे प्यारी क्यों तू रही है रे कष्ट उठाई।

इतनी सुनि कर हारे कहि रही सुनि साजन मेरे क्या मन भ्यासो रे देउ बतलाई।

बारहमासी रोह गई छोछक की जाई। हालत देख हीर की फिर गहो राँझो समझाइ। हीर तकदीर मेरी खोटी। जब से लीयो जनम पेट भर खाई ना रोटी। जान मेरी रही कलेशन में। मारो २ डोली हीरे देश विदेशन में। ये बेटी मलहा का जाई। मेरे साथ में हीर रही है कष्ट अति पाई। कही जब चन्द्रकला बाबी। मात पिता को छोड़ आपको दे दई जिन्दगानी। तजि दिए मात पिता अपने। सङ्ग तुम्हारे में रहा कि उनके

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

दर्शन भए सपने । नाथ नेंक दिल में तरस करौ मात पिता के दरश करन नक्कुर में चरण धरौ । मात अपनी से मिल आऊं । रहूँ चार छः दिना चैन से मैं रोटी खाऊं । समझ रांझे की में आई । ले दोउन को सङ्ग चलि दयो रांझो बलदाई ॥

रङ्गत—चन्द्रकला और हीरे साथ मैं सरदारो सुनिए रांझो चल दयो रे बीर बलदाई ।

हाथ कमन्डल बनिरहो चीमठा रे सरदारो सुनिए कन्धा धरि लई रे लाल रजाई ।

रात चले अर दिन में चलतुहै रे सरदारो सुनिए झैलमगढ़ को र सुरति लगाई ।

झीलमगढ़ मैं दाखिल है गए रे सरदारो सुनिये शोभा देखो रे शहर की माई ।

सब नगर को तीनों छोड़ के रे सरदारो सुनिए महला के रे पहुँच गए जाई ।

दाखिल है गए भीतर महल में रे सरदारो सुनिये मिली मात से रे चन्द्रकलाई ।

चन्द्रकला तो रोय २ कहि रही सुनि माता मेरी मैं दुखिया ता रे जनी दुखदाई ।

सुख नहं पायो रांझे के साथ मैं सुनि मैया मेरी भरके पेट तो रे न रोटी खाई ।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

रामनी–ऐसे घड़ो की तबै जनमी मइया ने दुखियारी।
रांकी लिखी भाग्य मेरें में जनना जन्म भिखारी।
कली–हम रांझ के साथ गये और डोले मारे मारे।
लेकर पहुंचौ हम दोनों को मैया तखत हजारे।
उसकी लड़ो छैक भौजाई बुरी तरह फटकारे।
फेर गये नवसाल पती की वहांपर किये गुजारे।
तोड़–गांव में हम भटकत डोले कष्टसहे अति भारी।१
कली–कुछ दिन मैया हम तीनोंने वहां दयो समय बिताई
शीतल कोट पहुंच कर मैया रोग से करो लड़ाई
पशू बचये रोग नशाये ये इसमें चतुराई
जो कोई नाम लेइ रांझे को रोग नष्ट है जाई
तोड़-इसके नाम से चौपाओं में ना आवे बीमारी।२
ये फक्कड़ बन फिरे बनी में सङ्ग बनी हम चेलो।
जाके साथ कछू सुख नाहैं कठिन मुसीबत झली।
आशिक के घर चोरी है गई हीरे वहन नवेली।
मैं तो इसके साथ मात कई दिन रही अकेली।
तोड़=कठिन युद्ध भयो शेष नागसे लड़ेसङ्ग विपुरारी।३
ये तो अमर है गए दोनों मोकूं आवत कलके।
जाके कारण मैया मैंने लोटा ढारे जल के॥
कभी नहीं ये मर सकते हैं सम्मुख दानव दल के।
कहै गजाधर गांव फतेपुर घाटे सकल अकल के॥
तोड़–विजेन्द्र और अजेन्द्रसिंहकी अभी उमर है बारी।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

चाल=इतने बचन सुने बेटी के र'यगई है जाकी माई।
जा कुछ लिखा भाग्यमैं बेटी वो हरगिज मिटनी वाई।
नाहों करी तैने वा माता हट कर शादा करवाई।
जा फक्कड़ के हाथ सथ में कठिन मुशोबत तैं पाई।
माता कहो न तैने बेटी गाम २ डालत आई।
आय दिखायौ मुख अब तेने मी नहीं तू दुखदाई।
मटकत डोली तू दर २ पे मांग २ रोटो खाई।
अब तू कुमरि हमारे घर पे कहिदे कसे है आई।

रङ्गत-चन्द्रकला अब सुनिके कह रही सुनि मैया मेरी
अब मोय काहे को रही शरमाई।

एक दिना को याहो कारण सुनि जननी मेरी
तुमसे मिलवे को चला मैं आई।

साथ व कडूं रांझे मरद की सुनि जननी मेरी
विधि ने दीयौ रे संयोग बनाई।

यहां की चरचा अबतो यहाँ रहीहै सरदारी सुनिये
अब आगे का रे कहैं सुनाई।

साथ छोड़दे रांझे मरद को सुनि बेटो मेरी
घर पर रहना रे सुनौं चितलाई।

सुत वाहैं कोई मेरी गोदी में सुनि बेटी मेरी
तोते जीवन रे मेरी कटि जाई।

रांझे हीरे दोनौं जान दे सुनि बेटी मेरी
घर पर रहना रे सुनौं चितलाई।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

नाम अमर तौ जग में है पयौ सुनि प्यरी मेरी
रांझौ ब्याही रे वो मलहा की जाई।

बचन सुने हैं जाने मात के रे सरदारौ सुनिऐ
फिर जननी को रे अरज सुनाई।

दोष लगेगी तेरी कोख को सुनि मइया मेरी
सब नर नारी रे मोय दें य बुराई।

मैं तौ बैठूं अपने धरम से सुनि जननी मेरी
अपनों दूंगी रे जनम बिताई।

शरम लगत है मोकूं कहत में सुनि जननी मेरी
रांझें मरद को रे तू दे समझाई।

बचन सुने हैं इतमें धीय कि रे सरदारौ सुनिए
रांझो महलन लींयौ रे बुलाई।

चन्द्रकला की माता कहि रही सुनि लाला मेरे
अरज गरीबी रे सुन के नाहीं।

चन्द्रकला को छोड़ो कुछ दिना सुनि रांझें लाला
बहुत दिना में रे मेरे घर आई।

बन बन डोली लाड़ो भट तो सुनि लाला मेरे
सुख से रोटी रे न काऊ दिन खाई।

थोड़े दिन के इसको बाद में सुनि लाला मेरे
तुम ले जाना रे साथ लिनाई।

इतनी सुन कर रांझौ कहि रह्यौ सुनि माता मेरी
आप कहौ सो रे करूं मैं माई।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

बेशक राखो अपनी कुम्वरि को सुनि मैंरी
मेरे हरगिज रे उजर है नाहीं।

अब हमको तो आज्ञा दीजिए सुनि माता मेरी
बहुत दिना तो रे दिए बिताई।

चन्द्रकला तो छोड़ी महल में रे सरदारो सुनिए
हीरे लीना रे साथ लगाई।

रांझो हीरे दोनों साथ में रे सरदारो सुनिए
विकट बनी को रे रहे जाई।

रात चले और दिन को चले रे सरदारो सुनिए
सुख से सोए रे न पलभर भाई।

विकट बनी में दोनों आइ गए रे सरदारो सुनिए
अपनी लीनी रे बिछाय रजाई।

पास बैठ गई हीरे हुरम है रे सरदारो सुनिए
जा बैठी है रे छाछक जाई।

कन्हा बीने रांझे मरद ने रे सरदारो सुनिए
धूनी चौरासी लई रे लगाई।

धूनी देकर तपिबे बैठ गयो रे सरदारो सुनिए
अग्नि मन्त्र से रे आग लगाई।

सङ्ग तपि रही हीरे हुरम है रे सरदारो सुनिए
जो बेटी है रे छोछक जाई।

खान पान तो दोनों ने तजो रे सरदारो सुनिए

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

सब सुख छोड़ो रे रहे कष्ट उठाई।

शेर बघर्रा डोले विपत में रे सरदारा सुनिए
लखिकर नीची रे जाय नारि नबाई।

सत्त की रॉकी सत्त की हुरम है रे सरदारो सुनिए
इसके सत्त से रे धरा दहलाई।

आसन हिलगयो एकदम विष्णुको रे सरदारो सुनिए
लहर २ तो रे रहो लहराई।

नारद बेटा ब्रह्मा को बड़ो है रे सरदारो सुनिए
वो विष्णु ने रे लियो बुलवाई।

आय गयो है नारद विष्णु ढिग रे सरदारो सुनिए
चरनन में शिर तो रें रहो है नाई।

याद करी है मेरी किस कारण सुनि स्वामी मोरे
हाल जिगर को रे देउ बतलाई।

इतनी सुनकर विश्नू कहि रहे रें सुनि नारद मोरी
आसन मोरो रे रह्यो लहराई।

मत्र्यलोक को जल्दी जाउ तुम सुनि नारद ज्ञानी
भक्त हमारे कूं रें को रह्यो सताई।

खबर लायदे जल्दी जायके सुनि नारद ज्ञानी
दिल मोरे को रे धीर बँध जाई।

इतनी सुनकर नारद चलि दयो रे सरदारो सुनिए
भेष ता बुड्ढो को जायँ लोयो बनाई।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

सटका ले लियो अपने हाथ में रे सरदारो सुनिए फिर यह गुटका रे गयी लगाई।

देव लोक से नारद चलि दयो रे सरदारो सुनिए मन्युलोक में रे गयो है आई।

बारहमासी—आइ गयो ब्राह्मण की लाला। सटका बनि रहो हाथ गले में पड़ी एक माला। डोल रह्यो झाड़ी २ में। रुखे न आंधी मोह रेत जाकी भरि गयो डाढ़ी में। कोई भक्त दुखी पायो जङ्गल और पहाड़ डोल ये सभी जगह आयो। मिलो कोई नाहें भक्त दुखी। चारो दिश में डोल आयो सब पाये सन्त सखी। फेरि निर्जन बन आयो है। हीरें को ले साथ तपत जाय रांझो पायो है। देखकर आई है हांसी। दुनियां के कौतुक कर बैठो धूनी चौरासी। सुनों मेरी रांझ बात सही। ठीक बतायदे मोय रांझ काहे की कसरि रही। मोइ भगवान पठायो है। सिंहासन ठाकुर को रांझे तेने हिलायो है। तपस्या पूरण भई तेरी। जो चाहे सो मिले कहन अब सत्य मान मेरी॥ रहो न जङ्गल खादर है। श्री ठाकुर के यहाँ होइ अब तेरो आदर है॥ खुट रांझे के नैन गए। नारद जी के रांझे ने फिर जाय चरण लए॥ करूना चरियत है मोकूं। करूं राम के दरश शीश मैं चरणन में धोकूं। दरश

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

को सही परेशानी। बिना दरश के नहीं न्टूं जाग्रो चाहे जिन्दगानी बहुत नारद ने समझायो। एक न मानी कहन लौट सुत विरमा को आयो ॥

रङ्गत–वचन सुने हैं रांझे मरद के रे सरदारो सुनिए नारद लौटी रे न देर लगाई।

मत्र्यलोक से नारद चलि दयो रे सरदारो सुनिए विश्नु लोक में रे गयो है आई।

पास विश्नु के नारद आइ गयो रे सरदारो सुनिए रॉझे मरद की रे कथा सुनाई।

निर्जन बन में रांझो तपि रहो सुनि स्वामी मेरे पास मैं बैठो रे वो छोड़क जाई।

समझायो है मैने कुमर को रे सुनि स्वामी मेरे मानत नाहैं रे रह्यो हठ आई।

दरश करन को बैठो आइके रे सुनि स्वामी मेरे कठिन मुशीवत रे रहा वो पाई।

जल्दी जाकर अब तुम देखना रे सुनि स्वामी मेरे पूरे बनि गए र वो बाबा बाई।

नारदजी के सुनकर वचन को रे सरदारो सुनिए विश्नु ने रे लायो गरुड़ मङ्गाई।

बैठ गरुड पे स्वामी चलि दए रे सरदारो सुनिए निर्जन बन मैं रे पहुँच गए आई।

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

हीरें राँझे जहां पे तब रहे रे सरदारो सुनिए
वहां पर पहुँचे रे आप रघुराई।

दर्शन दिये रांझे हीर को रे सरदारो सुनिए
दोउन आकर रे चरण गहे आई।

पूर्ण तपस्या तेरी है गई रे सुनि रांझे प्यारे
अब तुम जाना रे समाधि लगाई।

देवलोक को अब तुम जाओ सुनि रांझे प्यारे
जग में कीरत रे अमर है जाई।

इतनी कहकर विष्नू चलि दए रे सरदारो सुनिए
देवलोक में रें पहुँच गए आई।

यहाँ को बातें अबतो यहाँ रही रे सरदारो सुनिये
राँझे हीर ने रे समाध लगाई।

दोनों पहुँचे हैं स्वर्ग लोक में रे सरदारो सुनिये
कलम गजाधर की रे यहां ही रुक जाई।

धुनि-दिन की दूर भई भै। विदा भई अब वाहर
वारी बोली अटलछत्र दुरगे की जै।

* इति *

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

Sunday 2 October 1977
रवि. २ अक्टू. ७७ क्वार व. ५ स.२०
गांधी जयंती

Tuesday 27 September 1977
मंगल.२७सित.७७ भादों.सु.१४ स.२०३४

Thursday 13 October 1977
रु.१३ अक्टू. ७७ क्वार सु. १ स.२०३४
नवरात्रि प्रा०

riday 16 September 1977
शुक्.१६ सित. ७७ भादों सु. ३ स.२०३४
ईद, संक्रां.

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/

Monday 26 September 1977
सोम.२६ सित.७७ भादों सु.१४ स.२०३४
अनंत १४

Monday 3 October 1977
सोम. ३ अक्टू. ७७ क्वार व. ६ स.२०३४

Saturday 17 September 1977
शनि.१७ सित.७७ भादों सु. ४/५ स.२०३४

Wednesday 12 October 1977
बुध.१२ अक्टू.७७ क्वार व.३० स.२०३४
पितृ अमा०

Download Hindi Books: https://www.hindibook.in/